अभिभावक–प्राध्यापक बैठक

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग प्रथम के सभागार में दिनांक 18–01–2015 को प्राचार्य डॉ० कृष्ण कान्त गुप्ता की अध्यक्षता में अभिभावक–प्राध्यापक बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक का संचालन अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० मनोज शुक्ला ने किया. संभाग द्वितीय के प्रभारी श्री अशोक कौशिक ने बैठक में उपस्थित सभी का स्वागत किया. बैठक में महाविद्यालय के तीनों संभागों के विभिन्न विषयों व संकायों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे. इस बैठक में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साह से भाग लिया व महाविद्यालय की कार्य–प्रणाली में विशेष रूचि दिखाते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापकों, प्रशासनिक कार्यों और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कुछ सुझाव दिए. प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि गुणवत्ता मंज़िल नहीं, एक यात्रा है, इसी आधार पर सुझाव माँगे जाते हैं और सुझावों से ही विकास की गति तीव्र होती है. उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्था को बेहतर बनाने में कॉलेज प्रशासन और अभिभावकों का पारस्परिक सहयोग अनिवार्य है. अतः प्राचार्य महोदय ने अभिभावकों द्वारा दिए गए सुझावों का सम्मान करते हुए यह आश्वासन दिया कि कॉलेज व विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए निकट भविष्य में इन सुझावों पर अमल किया जाएगा. दिए गए सुझावों मे कुछ ऐसे थे जिन पर पहले ही अमल किया जा रह है, जैसे व्यावसायोपयोगी पाठ्यक्रम व रोज़गारोन्मुख कार्यक्रम, कॉलेज में पहले से ही चल रहे है ताकि विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त करने के बाद उचित रोज़गार मिल सके.